22 जुलाई से 6 अगस्त, 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड

Siyaram's

# VITELLO

*A Luxury TR Suiting*



LAUNCHING THE UNSEEN

## Ultra Luxurious

SUITING COLLECTION

SIYARAM'S INVITES ITS ESTEEMED RETAILERS TO

**ALL INDIA RETAIL CONFERENCE, 2023*.**

30th July to 9th August, 2023

Hyatt Centric & Novotel Goa Resort & Spa, Candolim, Goa

For more details, please contact your Siyaram's Wholesale Dealer.

*T&C Apply

POWERED BY

MARCONI
ITALIAN FASHION


Siyaram's
COLE
THE POWER OF BLACK
LAUNCHING
THE URBAN MYSTIQUE
Exclusive
SUITING COLLECTION
SIYARAM'S INVITES ITS ESTEEMED RETAILERS TO
ALL INDIA RETAIL CONFERENCE, 2023*.
30th July to 9th August, 2023
Hyatt Centric & Novotel Goa Resort & Spa, Candolim, Goa
For more details, please contact your Siyaram's Wholesale Dealer.
*T&C Apply
POWERED BY
MARCONI
ITALIAN FASHION




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-07-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 अंक-03 भीलवाड़ा/ 22 जुलाई, 2023 कुल पृष्ठ- 20 मूल्य : 25 रुपए 1




























# टेक्सटाइल उत्पादन में कमी से घटेगा चीन का कॉटन आयात

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण टेक्सटाइल निर्यात प्रभावित होने से 2023-24 के दौरान चीन के कॉटन आयात में कमी आने की







आशंका है। जानकारों का कहना है कि चीन द्वारा कम आयात के कारण विश्व बाजार में भाव पर नरमी का असर पड़ने की संभावना है क्योंकि चीन सबसे बड़ा आयातक और उपभोक्ता देश है। चाइना एग्रीकल्चरल सप्लाई एंड डिमांड एस्टीमेट के अनुसार






2023-24 के दौरान 14.5 लाख टन कॉटन आयात किए जाने की संभावना है जो गत वर्ष की तुलना में 4 लाख टन कम है। गत वर्ष चीन ने 18.5 लाख टन कॉटन का आयात किया था। इसका कहना है कि चीन में कॉटन की खपत भी पूर्वानुमान की तुलना में 1 लाख टन घटकर 74 लाख टन रह सकती है। उल्लेखनीय है कि चीन टेक्सटाइल और गारमेण्ट का सबसे बड़ा निर्यातक देश है लेकिन आर्थिक मंदी की आशंका से वहां से निर्यात प्रभावित हो सकता है। निर्यात में कमी के अतिरिक्त चीन में टेक्सटाइल की खपत भी प्रभावित हो सकती है।


हालांकि चीन में कॉटन की खड़ी फसल की स्थिति अच्छी है लेकिन जानकारों का कहना है कि कुछ स्थानों पर तापमान अधिक होने से प्रति हेक्टेयर उपज प्रभावित हो सकती है। चीन में कॉटन का उत्पादन 57.8 लाख टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष सितम्बर के आरंभ में वहां कॉटन का स्टॉक 74.2 लाख टन होने का अनुमान है जो लगभग गत वर्ष के बराबर ही है।




















# वीविंग एवं यार्न सेक्टर में स्थिति यथावत
# फैब्रिक बनाने का उपयुक्त समय

**भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास**

कपड़ा व्यवसाय पिछले कई माह से मंदी के साये में गुजर रहा है। इसके चलते पिछले कुछ माह में पहली बार वीविंग एवं यार्न दरों में एक साथ उतार देखने को मिला। यूनिफॉर्म सेक्टर से मंडी को खाद-पानी मिलता रहा परंतु अब उसका दौर समाप्त हुआ। इस सेक्टर में अब अगले सीजन की बुकिंग की प्लानिंग होगी। भीलवाड़ा सूटिंग वस्त्र मंडी में कपड़े का उत्पादन तो दिनोंदिन बढ़ा लेकिन उसमें देश की कई मिलों एवं अन्य क्षेत्रों से आने वाले जॉब कार्य का बड़ा योगदान है, जिससे यहां यार्न, वीविंग एवं प्रोसेसिंग सेक्टर को ऊर्जा मिलती है। स्थानीय मंडी कुछ शीर्ष ब्राण्ड्स को छोड़कर घटती काउंटर सेल के मद्देनजर संघर्षरत हैं और बाजार का ट्रेंड बड़े कम्पोजिट घरानों में बढ़ने से प्रतिस्पर्धा में नहीं टिक पा रहे हैं। फिलहाल स्थानीय मंडी में कई बड़े निर्माता अगले सीजन की तैयारी में जुटे हुए हैं और अपने प्रॉडक्शन पर ध्यान दे रहे हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार 15 अगस्त के पश्चात निश्चित रूप से लेवाली निकलेगी, उसको हाजिर माल वाले घर ग्राहकी पर पकड़ बनाएंगे क्योंकि पिछले सीजन के अंदर कपड़े की डिलिवरी 45 से 60 दिन होने पर व्यापारी इधर-उधर हो रहा था परंतु इस वर्ष यहां के अधिकतर बड़े उद्यमी ऑर्डर होते ही समय पर माल देने में सक्षम है।

## प्रोसेस गृहों की दरें बरकरार

**यार्न सेक्टर** - एक वर्ष के अंदर यार्न दरें वर्ष के सबसे निचले स्तर पर है जिसमें 2/18-184 रू से 188 रू तक, 2/30 पीवी ग्रे 175-178 रू, 15 पीवी 148-150 रू में भाव चल रहे हैं। हालांकि इन दरों में मिलों को पड़ता नहीं हो रहा है, जिसके फलस्वरूप मिलें फॉरवर्ड बुकिंग कम कर रही है।

**वीविंग** - वीविंग क्षेत्र भी नीचे के स्तर पर आया हुआ है जिसमें सल्जर 10/11 पैसे डबल और सिंगल में 12/14 पैसे पिक पर बरकरार है।

**प्रोसेस** - प्रोसेस गृहों ने जो निर्धारित भाव तय किए, उस पर कायम है और प्रोसेसिंग गृहों में कपड़ा रूकी स्थिति में आ रहा है और 30 दिन में डिलिवरी दे रहे हैं। बाजार एक्सपर्ट बताते हैं कि इस समय बना हुआ कपड़ा बहुत अच्छा रिटर्न देकर जायेगा।

**निर्यात** - एक्सपोर्ट सेक्टर अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम में अपेक्षाकृत कमजोर डिमांड से काफी प्रभावित है लेकिन अगले महीने तक मांग निकलने की संभावना है जिसमें यार्न 10 से 15 रूपये एवं वीविंग 4 से 5 पैसे की तेजी पर आ सकती है।

**मल्टी फैब्रिक उत्पादों में शुरुआत-** स्थानीय वस्त्र मंडी हालांकि देश का 60 प्रतिशत से अधिक सूटिंग फैब्रिक का उत्पादन कर रही है लेकिन अब यहां कई मॉडर्न लूमों के आने से यहां पर इंडस्ट्रियल फैब्रिक, साड़ी, तिरपाल, शर्टिंग, बैटरी फैब्रिक, फायर फैब्रिक, वाटर प्रूफ फैब्रिक, श्यू फैब्रिक एवं फलालेन (बच्चों का कपड़ा) पोलीवुड, लेदर इंडस्ट्री के लिए फैब्रिक, कॉटन फैब्रिक में भी स्कोप बड़ा है, जिसमें बाहर इस फैब्रिक पर मोम की कटिंग के बाद फॉइल चढ़ता है, जो कपड़ा वर्षा, अग्नि इत्यादि से बचाव हेतु उपयोगी होता है।

**मनीष भट्ट, वाइस प्रेसीडेंट, संगम इंडिया लि.-** श्री मनीष भट्ट ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को बताया कि इस समय यूक्रेन युद्ध से वैश्विक स्तर पर प्रभाव पड़ा है जिससे यूरोपीय देशों में काफी संकट है और वहां का ट्रेड प्रभावित हुआ और वहां पर यूनिफॉर्म, फैशन इत्यादि सभी डाउन स्थिति में आ गया है। वहीं अफ्रीकन देशों में भी अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम से मुद्रा का क्राइसिस है, जहां इन देशों की मुद्रा का अवमूल्यन हुआ ऐसी स्थिति में अगर ऑर्डर करते हैं तो उनको पेमेंट काफी महंगा पड़ रहा है। फिलहाल यूएस भी डाउन चल रहा है। भारतीय कपड़ा बाजार में कोरोना के बाद रॉ मटीरियल की रेटों में वृद्धि, लेबर एवं पावर इत्यादि में भी वृद्धि होने से मुकाबले रेट नहीं मिल पाई। निर्यात बाजार में अगले 2 महीनों के अंदर सुधार होने की उम्मीद है।

**मुरारका सूटिंग प्रा. लि.** के एमडी श्री महेश मुरारका ने बताया कि फिलहाल डिस्पैच सामान्य है। वहीं क्वालिटी मालों में डिमांड बरकरार है। इस समय वर्षा काल के लिहाज से टेक्सटाइल ट्रेड भी प्रभावित है। आगे वैश्विक स्तर में भी सुधार की संभावना है जिससे डोमेस्टिक व निर्यात बाजार में डिमांड निकलेगी। वैसे भीलवाड़ा वस्त्र मंडी तुलनात्मक अन्य कपड़ा मंडियों से बेहतर स्थिति में है। यहां पर नए-नए एक्सपान्शन आ रहे हैं। कपड़ा उत्पादन तो बढ़ ही रहा है। प्रोसेस गृहों में भी मंडी टेक्निकल रूप से काफी अपग्रेड हुई है। हमारी कंपनी का प्रमुख ध्येय है कि बाजार में क्वालिटी उत्पाद बनाकर ही आपूर्ति करें एवं कर भी रहे हैं।

**ए के स्पिनटेक्स** के टेक्निकल चीफ श्री अरुण सिंह ने वर्तमान कपड़ा व्यापार के बारे में बताया कि इस समय प्रोसेस गृह में माल कम ही आ रहा है, क्योंकि उद्यमी वीविंग एवं यार्न की दरों में आई गिरावट का लाभ उठाते हुए लूमों पर माल तो बना रहा हैं, परंतु मालों को फिलहाल प्रोसेस के लिए होल्ड कर रखा है। उद्यमी प्रोसेस गृहों की बढ़ी हुई दरों के उतरने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन यह स्थिति लंबे समय नहीं रह पाएगी क्योंकि आगामी सीजन के लिए माल समय पर डिलिवर करना होगा। श्री सिंह ने बताया कि इस बार खास बात है कि लूमें बंद नहीं हुई। लूमों पर कार्य रनिंग में है।

**स्फियरो फेब (Sphiro Fab)** के डायरेक्टर श्री श्रेयांश कोठारी एवं श्री शुभम कोठारी ने निवर्तमान कपड़ा बाजार के संदर्भ में बताया कि पिछले महीने से गारमेंट सेक्टर में डिस्पैच बेहतर है। काउंटर सेल फिलहाल अधिक मास एवं अन्य कारणों से धीमी गति से हो रही है। वहीं यार्न का प्रोसेस एक माह आगे खिसक गया है। हमारी कंपनी में यूनिफॉर्म सेक्टर से ऑर्डर मिल रहे हैं। गारमेंट सेक्टर में लायक्रा में क्वालिटी मालों की डिमांड बनी हुई है।

**शिव एजेंसी** वस्त्र मंडी में प्रमुख यार्न आपूर्ति करने वाली फर्म के प्रबंधक श्री निखिल अग्रवाल ने बताया कि इस बार मन्दी थोड़ी लंबी खिंची है और इस बार यार्न एवं वीविंग निचले स्तर पर है। हालांकि इस समय कई उद्यमी फिर भी माल बना रहे हैं और यह उपयुक्त समय है। यह उतार अभी है तो आगामी समय में निश्चित रूप से रेटें बढ़ेगी। यार्न एवं वीविंग में उतार के बाद जो माल बाहर जा रहा था वो भीलवाड़ा में ही जॉब होने लगा है। मुंबई से यूनिफॉर्म का जॉब एवं कॉटन में भी यहाँ जॉब का ग्राफ बढ़ रहा है क्योंकि वीविंग एवं प्रोसेसिंग में टेक्निकल रूप से काफी सुधार हुआ है। 15 अगस्त बाद मंडी में फिर उछाल आएगा।













# रिटेल कपड़ा व्यवसाय में प्रतिष्ठित फर्म
# पंकज क्लॉथ हाउस




**मेरठ /** स्थानीय आबूलेन कपड़ा मार्केट में रिटेल की प्रतिष्ठित फर्म पंकज टेक्सटाइल अपने उपभोक्ता को क्वालिटी उत्पाद सेल करने में शीर्ष स्तर पर जानी जाती है। व्यापार की शुरुआत श्री नंदकिशोर वर्मा द्वारा सन् 1985 में की गई थी तब से इन्होंने निरंतर समय के साथ बदलती फैशन ट्रेंड के अनुसार क्रिएशन किए हैं। श्री वर्मा ने अपने व्यापार के बारे में बताया कि सूटिंग-शर्टिंग एवं वेडिंग कलेक्शन की कई टॉप ब्राण्ड्स का फैब्रिक विभिन्न रंगों में सेल कर रहे हैं। सूटिंग के अंतर्गत रेमंड, सियाराम, अरविंद, एब्सोल्यूटो एवं लिनन क्लब कंपनियों की फैब्रिक एवं शर्टिंग में कोरोलोन, जीसी, रेमंड एवं अरविंद के प्रोडक्ट सेल कर रहे हैं। श्री वर्मा की सहयोगी द्वितीय फर्म पंकज वेडिंग कलेक्शन के अंतर्गत एथनिक वीयर की रिटेल बिक्री की जा रही है। श्री वर्मा ने बताया कि इसके अंतर्गत रेडीमेड परिधान भी सेल कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से एथनिक वीयर का उपभोक्ता में काफी उत्साह दिख रहा है।

# बाजार सुनसान ग्राहकी नदारद

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

इन दिनों कपड़ा बाजार बिल्कुल सुनसान है। आमदिन में जहां पैदल चलने में कठिनाई होती है वहीं अब दुपहिया वाहन भी आसानी से निकल रहे हैं। अभी कपड़ा बाजार में ऑफ सीजन चल रहा है और रक्षाबंधन भी अगले माह के अन्त में होने से बाजार में ग्राहकी नहीं हो रही है। सभी प्रकार के वस्त्रों में अगर देखा जाए तो ग्राहकी सिर्फ स्कूल यूनिफॉर्म के प्रतिष्ठानों पर ही दिखाई दे रही है, वो भी अब पहले की अपेक्षा कम हो गई है। स्कूल यूनिफॉर्म के अलावा अन्य सभी प्रकार के वस्त्रों की बिक्री बहुत ही कम हो रही है। जानकारों की माने तो आगामी दिनों में भी बाजार मंदा ही रहने की उम्मीद है। रक्षाबंधन के कुछ दिनों पूर्व से बाजार में थोड़ा उठाव देखा जा सकता है।




# सावन में लहरिया फैशन की धूम

**सीकर / राजकुमार शर्मा**

हिन्दू समाज में कुछ प्रिंट और रंगो को अच्छे भाग्य का प्रतीक माना गया है। लहरिया भी इनमें से एक है। शिव गौरी की पूजा में भी इसका बहुत महत्व है, खासकर सुहागिनें द्वारा इसे पहनने के पीछे की मंशा बारिश व पानी के मौसम को उत्सव के रूप में मनाना है। सावन का महिना, रिमझिम बरसात और सुहावना मौसम, हरियाली की चादर ओढ़े जहां शेखावाटी की धरती सजती है, वहीं सावन में महिलाओं के लिए लहरिया सज जाता है। भारतीय संस्कृति में लहरिये का बहुत महत्व है। ये सौभाग्य और सुकून का प्रतीक माने जाते हैं। मीरा ने अपने पदों में लहरिये का जिक्र किया है। सावन में पहने जाने वाले लहरिये में हरा रंग शुभ माना जाता है। इस हरे रंग को प्रकृति के उल्लास से भी जोड़ा गया है। इसी तरह शेखावाटी के पचरंग लहरिये का भी अपना महत्व रहा है। लहरिये के पाँच रंगों को भारतीय दर्शन के अनुसार मनुष्य की बनावट के पाँच तत्वों से जोड़ा गया है। लहरिये की बारीक-बारीक रंग बिरंगी धारियों मे शगुन तथा संस्कृति के वे सारे रंग होते हैं, जो भारतीय संस्कृति का अटूट हिस्सा है। ऐसा भी कहा जाता है कि लहरिया हमेशा कच्चे रंग में होता है। सावन में जब महिलाएँ कच्चे रंग का लहरिया ओढ़ कर जाती है तो उसे बहुत शुभ माना जाता है। हमारी संस्कृति में यह रिवाज है कि बहू बेटियों की मान-मनुहार कर उन्हें लहरिया लाकर दिया जाता है। सावन के महिने में बहू बेटियों की मनुहार खासकर अर्थ रखती है। यह अवसर यह भी दर्शाता है कि लहरिये की तरह सुहागिनों का जीवन भी सदा उल्लास से भरा रहे। लहरिया महज एक लिबास ही नहीं है बल्कि यह हिन्दू मुस्लिम रिश्तों की गहराई की इबादत भी लिखता है क्योंकि लहरिया मुस्लिम रंगरेज तैयार करते हैं जबकि हिन्दू महिलाएँ पहनती है। विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका लहरिया जिसके दम पर शेखावाटी से करीब हर महीने हजारों बंधेज की साड़ियाँ उपलब्ध करवा रहा है। जानकारी मुताबिक हर रोज सीकर में बंधेज के हजारों दुपटटे और बंधेज साड़ियाँ तैयार



हो रही हैं। शेखावाटी में हर महीने का कारोबार करोड़ों रूपये का है। इसमें शेखावाटी के 25 हजार परिवार सीधे रूप से जुड़े हैं। सीकर जिले में बनने वाली बंधेज की साड़ी की अब दस से ज्यादा डिजाइनें डवलप की जा चुकी है। इनमें काइन, कैरी, बल्ब जाल काफी लोकप्रिय हुई है। पिछले कई वर्षों से बंधेज की साड़ियों का कारोबार करने वाले श्री पंकज रावत ने कम कीमत पर बंधेज तैयार करवा उसे देश में भेजने का विचार किया। इन्होंने सूरत से साड़ियों का प्लेन कपड़ा मंगाया ओर उसे बंधेज और रंगाई करवा कर भेजना शुरू किया। तीज और सिंजारा पर महिलाएँ नव वधुओं के लिए लहरिया लेकर उनके घर जाती है। बाजारों मे महिलाओं को पसंद के अनुरूप के तरह-तरह के रंगों में लहरिये लुभा रहे हैं। इसे देखते हुए व्यापारियों ने महिलाओं के लिए खास तरह के लहरिये मंगवाए हैं। सावन के महीने का उत्साह फैशन की गलियों मे ट्रेण्ड कर रहा है। नारी श्रृंगार के श्री पवन पारीक के अनुसार सावन में महिलाएँ जहां हरे रंग के शेड्स की साड़ियाँ पसंद कर रही है, वहीं युवतियां लाइट शेड जैसे लाइम ग्रीन, ओलिव ग्रीन, एमरेल्ड ग्रीन की डिमांड कर रही है। सतरंगी लहरिया में गोटा पट्टी और मल्टीकलर वर्क काफी पसंद किया जा रहा है। रक्षाबंधन जैसे पर्व के लिए महिलाएँ बंधेज में लेस वर्क की साड़ियाँ और लहंगे की डिमांड है। सावन की इस बार के फैशन में लाइट और डार्क शेड्स के साथ लहरिया स्टाइल का चलन ज्यादा है। डोरिया के लहरिया की डिमांड बताई जा रही है।

# कपड़ा व्यापार पर मंदी का साया

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तरप्रदेश की अधिकांश वस्त्र मण्डियों में शिवरात्रि के अवसर पर होने वाली कावड़ यात्रा की धूम एवं बरसात की रिम-झिम रही और कपड़ा व्यापार लगभग चौपट रहे। शिवरात्रि का त्यौहार सम्पन्न होने के पश्चात अब काम-काज निकलने की संभावनाएँ अच्छी थी किन्तु पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण यहां आस-पास से निकलने वाली गंगा, यमुना, सोलानी, हिंडन, काली आदि नदियां उफान पर आकर विकराल रूप धारण किए हुए है। नदियों से लगते निचले ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव होकर सैलाब का रूप ले लिया है। अतः काम-काज अभी आगे भी मध्यम व कहीं ज्यादा हल्के हल्के ही रहने की संभावना प्रत्येक सेगमेंट में है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सर्व श्री चुन्नी लाल सुनेजा, विनोद डाबर, हितेश डाबर, संजीव गोयल, गुलाटी जी, रमन जलोत्रा, मनोहर लाल, अमित सिंघल तुलसी साड़ी सूट वाले, राकेश झांब तथा प्रतिष्ठित ब्रोकर्स घनश्याम पालीवाल, पवन बत्रा, अजीत दीक्षित, के पी त्यागी, आशू, सुदर्शन खरबंदा, वैभव खन्ना, लक्ष्मण रस्तोगी जी का अनुमान है कि अभी काम-काज फिलहाल मध्यम रह सकता है। हरियाली तीज पर कुछ चुनिंदा वैरायटी महिलाओं के लिये अवश्य बिकेगी।




Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:




Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:







# इचलकरंजी सूत बाजार में कृत्रिम तेजी

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

दक्षिण भारत के सूत गिरणी 15 जुलाई से बंद रखी जाएगी। उसका जल्द से असर इचलकरंजी के सूत बाजार पर हुआ। सभी काउण्ट के सूत में प्रतिकिलो 1 से 2 रुपए की बढ़ोतरी हुई। सूत की कमी होने की संभावना से पावरलूमधारकों ने ज्यादा सूत की खरीददारी पर ध्यान दिया है। जिससे कृत्रिम दरवाढ़ दिखाई दे रही है। अगले एक-दो दिनों में सूत दर में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

कुछ माह से सूत गिरणी घाटे में जा रही है। जिससे महाराष्ट्र की सूत गिरणी 1 जुलाई से बंद रखने का फैसला लिया था। लेकिन राज्य शासन ने बैठक लेकर कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेकर दिलासा देने की कोशिश की थी। जिससे सूत गिरणी बंद का फैसला स्थगित किया था जबकि दक्षिण की ओर होने वाली सूत गिरणी ने स्थिति में सुधार होने तक 15 जुलाई तक उत्पादन और बिक्री रखने का फैसला जाहिर किया है।

इसके चलते इचलकरंजी के सूत बाजार पर असर हुआ है। वहां के सभी सूत बाजार में सभी प्रकार के काउण्ट में प्रतिकिलो 1 से 2 रुपए बढ़ोतरी हुई है। सूत की संभाव्य किल्लत को देखते हुए पावरलूमधारकों ने अतिरिक्त सूत खरीदारी करना शुरू किया है, जिससे सूत बाजार में कृत्रिम तेजी पैदा हुई है। अगले कुछ दिनों में सूत के दर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। अब की स्थिति में अत्याधुनिक और सीधे पावरलूम बंद रखने की ओर रुझान दिखाई दे रहा है। कपड़े को अपेक्षित मांग के साथ दर भी नहीं मिलने से पावरलूम उद्योग में अब तो अस्वस्थता है। साथ ही में अब सूत के दर में बढ़ोतरी के चलते पावरलूमधारक परेशान हुए हैं।

# ए-टफ योजना के स्थान पर नई योजना पर विचार-विमर्श

**भीलवड़ा**

ए-टफ योजना के स्थान पर टेक्सटाइल उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए नई योजना पर विचार-विमर्श के लिए नई दिल्ली में 29 जून को टेक्सटाइल मंत्रालय नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से बहुत ही विस्तार से एवं गहराई से सुझाव दिये गये थे। साथ ही भीलवाड़ा क्लस्टर में टेक्सटाइल के सभी सेक्टर कार्यरत हैं। अतः प्रोसेसिंग इण्डस्ट्री के आधुनिकीकरण के संदर्भ में नई योजना पर विचार करने के लिए हमने सबसे पहले भीलवाड़ा कलस्टर को चुना है। यह बात अतिरिक्त वस्त्र आयुक्त एस पी वर्मा ने आज मेवाड़ चैम्बर में प्रोसेसिंग, डेनिम उद्योगों के उद्यमियों के साथ चर्चा में कही।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग, वित्त मंत्रालय, डीपीआईआईटी आदि के स्पष्ट विचार हैं कि आगे से किसी भी रूप में पूंजीगत अनुदान या ब्याज अनुदान नहीं दिया जाएगा।



जिस तरह से अन्य उद्योगों के लिए पीएलआई स्कीम लागू की गई है, उसी रूप में टेक्सटाइल के लिए भी पीएलआई स्कीम ही लाने की संभावना है। उन्होंने पीएलआई स्कीम का प्रारूप बताते हुए कहा कि नई योजना के तहत केवल नए ग्रीन फील्ड उद्योगों को ही सम्मिलित किया जाएगा। पुराने चल रहे उद्योगों को इसमें सम्मिलित नहीं किया जाएगा। योजना के तहत न्यूनतम निवेश की सीमा सभी क्लस्टर से विचार विमर्श के बाद तय की जाकर निवेश के अनुरूप टर्नओवर पर प्रथम वर्ष में एक निश्चित प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। आगामी दो से पांच वर्ष तक बेसिक वर्ष के टर्नओवर पर इंक्रीमेंटल टर्नओवर पर तय प्रतिशत के अनुसार अनुदान दिया जाएगा। चर्चा के दौरान अध्यक्ष बी एम शर्मा, मानद महासचिव आर के जैन, संगम ग्रुप के वी के सोडानी, शुभलक्ष्मी के शांतिलाल पानगड़िया, रोलेक्स प्रोसेस के आर एल काबरा, सिन्थेटिक्स वीविंग मिल्स एसोसिएशन के संजय पेडीवाल एवं अन्य उद्यमियों ने कई सुझाव दिये। भीलवाड़ा के उद्यमियों ने कहा कि राजस्थान में भीलवाड़ा, बालोतरा, पाली आदि सभी स्थानों पर प्रोसेसिंग वर्क जॉब पर होता है, अतः यहां निवेश के मुकाबले अधिक टर्नओवर या वैल्यू एडिशन नही होता है। साथ ही वर्तमान में कार्यरत उद्योगों को भी नये विस्तारीकरण पर इस योजना में सम्मिलित किया जाना चाहिए। वी के सोडानी ने कहा कि एक निश्चित निवेश से मशीनें लगकर जो उत्पादन सीमा बनी है, उसमें अगले वर्षों में अतिरिक्त टर्नओवर कैसे आ सकता है।

मंत्रालय के सचिव श्री अनिल कुमार एवं श्री एस पी वर्मा ने कहा कि विचार विमर्श से आपके विभिन्न सुझाव नोट किये गये हैं, और भी सुझाव आप भेज सकते हैं। सभी क्लस्टर के सुझावों के अनुरूप ही योजना को अन्तिम रुप दिया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष श्री बी एम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आर सी लोढ़ा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

# आगामी ठंड के सीजन की तैयारी में लगे थोक व्यवसायी

**सतना / बलराम शुक्ला**

इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। रेनी सीजन का स्टॉक खत्म हो रहा है। व्यापारी आगे की तैयारी पर लग गये हैं। ज्यादातर थोक विक्रेता पानीपत, लुधियाना, अमृतसर जा रहे हैं। पानीपत भारत का सबसे ज्यादा ब्लैंकेट उत्पादन करने का केंद्र है। पिछले कुछ वर्षों से हैंडलूम का भी उत्पादन जोरों पर है। लुधियाना शॉल और लोई उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है। इस समय पूरे हिंदुस्तान से व्यापारी पानीपत और लुधियाना जा रहे हैं।

आगामी सीजन को लेकर जोरदार बुकिंग हो रही है, लेकिन ब्राण्डेड आइटम आज भी मोंटी कार्लो, सिग्नेचर और ओ डब्ल्यू एम के ही बिक रहे हैं। इस समय सिग्नेचर और कोचर की बुकिंग जोरों पर है। मिल ने इस बार सिंगल प्लाई और डबल प्लाई की बड़ी रेंज तैयार की है, जिसमें सॉफ्ट और सुपरशॉफ्ट भी बढ़िया बनाया है जिसे पूरे मार्केट ने पसंद किया है। सतना, कटनी, रीवा, सीधी, शहडोल, छतरपुर, मंडला और डिंडौरी, होशंगाबाद, एरिया के सेलिंग एजेंट सहयोग शुक्ला ने बताया कि इस समय भारी क्वालिटी के आइटम ज्यादा बिक रहे हैं। एक आइटम ऐसा है जिसकी बुकिंग इतनी ज्यादा है कि आगे दो माह तक बुकिंग बंद है। सिग्नेचर फॉर पीस सेट ट्रॉली बैग के नाम से आता है। रजाइयाँ और दोहड़ भी बन रही है। मिल एक स्पेशल क्वालिटी का पिलो भी बना रही है।




# रियलिटी द्वारा दिल्ली फेयर में शत् प्रतिशत कॉटन शर्टिंग एवं कुर्ता फैब्रिक्स का भव्य डिस्प्ले

## एथेनिक वियर पर फोकस

मुम्बई/ शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी रियल सिल्क इण्डस्ट्रीज ने दिल्ली में आयोजित एफटीआई मेगा समिट में अपने उत्पादों का भव्य प्रदर्शन किया। 6 से 8 जुलाई 2023 को देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इस प्रदर्शनी में कम्पनी द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए किये गये डवलपमेण्ट को व्यापारियों ने जबरदस्त सराहा।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री विराट जैन एवं चिंतन जैन ने बताया कि हमारे द्वारा सदैव क्वालिटीयुक्त उत्पाद व्यापारियों को सप्लाई किये जाते हैं, जिसमें 58'' शर्टिंग में व्हाइट एण्ड व्हाइट रेंज, कॉटन की रेंज के अन्तर्गत विस्तृत कलर रेंज प्रदर्शित की गयी। व्हाइट एण्ड व्हाइट शर्टिंग में डोबीज, प्लेन, वैफ्ट, पैटर्न, स्लब की काफी वैरायटियों में कुल अच्छा रिस्पॉन्स मिला।

श्री जैन ने बताया कि आगामी सीजन पर फोकस करते हुए हमारे द्वारा एथनिक वीयर की विस्तृत रेंज भी पेश की गई थी, जिसमें जैकॉर्ड, कुर्ता की रेंज व्यापारियों को खूब पसन्द आई।














Siyaram's

MARCONI
ITALIAN FASHION

BRINGING TO YOU THE HERITAGE OF

ITALIAN FASHION

SIYARAM'S INVITES
ITS ESTEEMED RETAILERS TO
ALL INDIA RETAIL
CONFERENCE, 2023*.

30th July to
9th August, 2023

Hyatt Centric & Novotel Goa
Resort & Spa, Candolim ,Goa

For more details, please contact your
Siyaram's Wholesale Dealer.

*T&C Apply



Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:



Siyaram's
STRETCH-TR

UNVEILING THE UTMOST EASE,

THE ETERNAL
SUITING COLLECTION

SIYARAM'S INVITES
ITS ESTEEMED RETAILERS TO
ALL INDIA RETAIL
CONFERENCE, 2023*.

*T&C Apply

30th July to 9th August, 2023

Hyatt Centric & Novotel Goa Resort
& Spa, Candolim, Goa

For more details, please contact your Siyaram's Wholesale Dealer.

Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

# मिशन चंद्रयान 3 का अभिन्न अंग रही शिताशी वाजपेई के माता-पिता को दी बधाई

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**



आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पदाधिकारियों अशोक कंसल-वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय कुमार सिंघल-नगर अध्यक्ष, श्याम सिंह सैनी-जिला महामंत्री, पंकज गोयल नगर उपाध्यक्ष आदि ने भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट मिशन चंद्रयान-3 का अभिन्न अंग मुजफ्फरनगर की वैज्ञानिक बेटी शिताशी वाजपेई की माता जी श्रीमती कंचन प्रभा एवं पिता श्री से मिलकर उन्हें बधाई प्रेषित की तथा माल्यार्पण कर अंग वस्त्रम भेंट किया। अशोक कंसल ने कहा कि मिशन चंद्रयान-3 भारतवर्ष के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। अजय कुमार सिंघल ने कहा कि मुजफ्फरनगर की बेटी भी इस बड़े मिशन का अंग है, ये गौरव की बात है। श्याम सिंह सैनी ने पूरे परिवार को बधाई प्रेषित की। बिटिया की माता जी श्रीमती कंचन प्रभा ने बताया कि शिताशी बचपन से ही मेधावी व गोल्ड मेडल विजेता है।




# FFirst Idea Advisors Private Limited



**Mumbai/** Mr Debashis H Poddar, Founder & CEO of the Management Consulting & Advisory Firm FFIRST IDEA Advisors Pvt Ltd, based in Mumbai, has achieved several milestones in his more than 3 decades of journey in the Textile, Apparel and Retail sector. On completing 8 years on 17th June 2023 of his dream enterprise of FFIRST IDEA, he has shared his thoughts with the Textile World team.

Q: First of all, many congratulations to you and your team for completing 8 years in the area of "Management Consulting cum Advisory Services" in the domain of Textiles, Apparel and Retail. How do you feel about this as a "Founder & CEO" of this company?

A: We complete 8 years of providing strategic guidance to the Textile & Retail sector to solve their problems and to boost top and bottom line. It's highly satisfying for me and we are thankful to our clients, associates and well-wishers for their continuous support, trust and confidence to select us as their true business partners.

Q: How is your professional and entrepreneurial journey so far?

A: I completed B.Tech in Textile Engineering in 1990 followed by MBA in 1993.My professional journey starting from a Supervisor role upto the CEO level was highly focused, disciplined and full of learning. I am highly blessed to have a set of very good bosses/mentors in my life from whom I learnt a lot in my professional career.

During last 3 decades I have worked in several leading organizations of the Textile Industry in the key leadership role. My last full time professional assignment was with Bombay Dyeing as CEO-Textile (2011 to 2016) which I quit in July 2016 after working successfully for about 5.5 years to pursue my entrepreneurial ambition. Earlier I have worked with Donear Industries Ltd for about 11 years (1998 to 2009) and also left as CEO-(Export, RMG and Garment Div). Before Donear I worked in RSWM group for 4 years

I incorporated my company "FFIRST IDEA" in 2015 with the sole objective of imparting honest, practical & result oriented services in the form of management consulting and advisory. Today we are highly delighted that our clients have benefitted the most in their businesses with our joint efforts.

Q: What kinds of services do you provide?

A: We provide variety of services ranging from Strategy, Investment, Green & Brown Field projects, M & A, Retail, Supply Chain Management, Sales & Marketing, Divestment, MIS & SOPs, Data Analysis, Domain Expert in the ERP implementation, Transformation of Family-owned business to the professional run company, New Product line diversification, Virtual CEO, Audit, Training of the people etc. We work as a catalyst to bring out positive changes in the work culture of the company.

Q: What is the USP of your company FFIRST IDEA?

A: We strongly believe in 3 key words which are "Innovate-Implement-Deliver". Our USP starts from the innovative solution of the problem to the implementation of our recommendations and finally to ensure that these solutions give desired results on a long-term basis. I personally and passionately involve myself to ensure that our clients get the best of the services and solutions to their problems. Another USP of our company is that we are fully Textile Industry Focused Consulting & Advisory service provider as we feel that we understand this sector the most due to our vast experience of different products like Yarn, Suitings, Shirtings, Apparel/Garment, Home Textile etc; different market segments like Domestic, International; different sales channels like Retail, Over the Counter ( OTC), RMG, Institutional, Export etc and almost all functional areas like Sales, Manufacturing, Supply Chain, Accounts, HR etc.

Q: How many projects did your company deliver in the last 8 years?

A: In the 8 years, we have successfully delivered 46 plus projects and some are still going on. Apart from India, we have also worked in overseas countries.

Q: What are the Challenges you have faced so far in implementing your recommendations & how have you overcome such hurdles?

A: Yes, as we try to bring cultural changes in the organization, occasionally we face stiff resistance from the people of the organization to accept such changes which is totally normal as per human behavior. "Resistance to Change" is something which every organization faces in its evolution process. We use our unique tool to overcome such changes and thankfully so far we have been successful to do so.

Q: What are the different types of clients you have served so far?

A: We have served big corporate textile companies/groups whose turnover more than Rs 1000 Cr to even MSME categories of people of turnover Rs 50 Cr. We do not have any policy of taking up assignments as per the size of the company. Everyone is most welcome to avail our services. The only condition is that the client must be focused in his approach and have reasonable patience to see the results.

Q: How do you differentiate your company from others?

A: I personally bring my huge learning of the last 3 decades as I have grown and evolved in this industry from the basic level to the CEO level and then supervising, monitoring and controlling all key functional departments. This has given me strength to connect all the problem dots easily and to analyze the situation from 360 degree. We have 3 distinct competencies that make us stand out in the industry. First, our caliber to understand the issue in a practical light and to experiment with different probable solutions. Then our ability to use relevant data & dashboards effectively to provide insights and recommendations to the CXOs and Promoters. Finally, our capacity to align people, process and technology for the strategy execution and business excellence.

Q: In what ways can clients benefit from their association with your company?

A: In the last 8 years clients have got huge benefits of being associated with us. We have a separate "Case Examples" Booklet containing brief case examples of all key projects we have handled so far. Any potential client may get in touch with us and we will be happy to share this "Case Examples" Booklet with them for their reading purpose. However, in short, I can state that our association with our clients are repetitive and long lasting which shows that our clients get the benefit of our association. Surviving in this very competitive consulting domain for 8 years itself is a kind of recognition of our good work. What we do basically are to build a profitable & sustainable business, to give innovative solutions to push organization`s business forward by implementing our recommendations and unlocking organization`s potential to take the same to a new height.

Q: How do you see the future of the textile industry?

A: I am highly positive and hopeful for our industry. However, going forward the mode of the business operation will undergo huge changes. The top area will be our decision making system. In the last 50 odd years our decision making system has evolved from "experience" to "gut feel" to "Static MIS" to "Real time MIS". In the coming years, Artificial Intelligence( AI) will bring sea changes in our both thought process and decision making skills. However, still a large part of our industry colleagues are not prepared enough and continue to rely on their "experience" and "gut feel". Apart from the decision making technique; buying patterns, habits etc of the customers will also change in the coming years and we need to prepare ourselves from now on.

**"Readers can reach out to Mr Poddar at EMail: debashish.poddar@ffirstidea.com or Whatsapp at : 9820700090"**

# श्री राम टेक्सटाइल एजेंसी रायपुर द्वारा बुकिंग धमाका - 2023 सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन



श्री संतोष बोथरा

**रायपुर/** छत्तीसगढ़ राज्य की प्रमुख होलसेल कपड़ा मंडी रायपुर की प्रतिष्ठित मार्केटिंग एजेंसीज श्री राम टेक्सटाइल एजेंसी, स्नेहा टेक्सटाइल एजेंसी एवं श्री राम एजेंसी द्वारा 7-8 अगस्त को क्लॉथ मार्केट, पंडरी में दो दिवसीय सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रस्तावित है। एजेंसीज के संचालक श्री संतोष बोथरा ने बताया कि आगामी फेस्टिव सीजन की तैयारी के लिए हम यह कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं जिसमें सूरत, अहमदाबाद, मुंबई, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, सोलापुर आदि टेक्सटाइल मंडियों के जानेमाने प्रतिष्ठित कपड़ा निर्माताओं द्वारा अपने उत्पादों को भव्य डिस्प्ले किया जायेगा।

## फेस्टिव सीजन के लिए नए डवलपमेंट का डिस्प्ले

श्री बोथरा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में भाग ले रहे सभी सप्लायर्स आगामी फेस्टिव सीजन के लिए नए डेवलपमेंट पेश करेंगे। फैंसी डिजाइनर साड़ीज, सलवार सूट एवं दुपट्टा, कुर्तीज, ब्लाउज मैटेरियल, पर्दा आदि उत्पादों का डिस्प्ले कॉन्फ्रेंस में किया जायेगा। यह कॉन्फ्रेंस होलसेल व्यापारियों के लिए आगामी सीजन की तैयारी का अच्छा मौका है। बाजार में समय पर माल की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एडवांस प्लानिंग का यही समय है। श्री बोथरा ने कहा कि कॉन्फ्रेंस कराने के पीछे हमारा उद्देश्य व्यापार के साथ साथ एक दूसरे के साथ स्नेह मिलन का भी है, इस कॉन्फ्रेंस में हमने छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य के होलसेल व्यापारियों को आमंत्रित किया है। कॉन्फ्रेंस के बारे में **अधिक जानकारी के लिए इस मोबाइल नंबर पर संपर्क करें - 09302805633**

# गीता प्रेस शताब्दी समारोह में पहली बार देश के प्रधानमंत्री का दौरा






माननीय नरेंद्र मोदी ने की शिरकत



गोरखपुर/ प्रधानमंत्री मोदी जी गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेने और गोरखपुर से लखनऊ के लिए वंदे भारत ट्रेन की झंडी दिखाकर गोरखपुर पहुंचे और विशेष बात यह कि वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस में किसी प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा था। एयरपोर्ट से गीता प्रेस तक लगभग 10 किलोमीटर मार्ग के दोनों ओर लोगों का सैलाब मोदी जी की झलक पाने के लिए कतारबद्ध थे। गीता प्रेस में लीला चित्र मंदिर का दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री ने उपस्थित गणमान्य को संबोधित किया और कहा कि गीता प्रेस मात्र संस्था नहीं बल्कि जीवंत आस्था है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 से पूर्वोत्तर रेलवे की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई एवं 500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ एवं सांसद रवि किशन के साथ वे ट्रेन में चढ़े और स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोगों ने पिछले 9 वर्षों में भारत के विकास की एक नई यात्रा के साथ आस्था व विरासत को मिल रहे सम्मान को देखा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की गौरवशाली आस्था व विरासत को एक नई पहचान मिली है।

# महिलाओं के लिये रोजगार की अनूठी पहल जरकला

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

यूँ तो उत्तरप्रदेश सरकार कई योजनाएँ चलाती है, जिससे प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। इसी क्रम में जिला बदायूँ के सालारपुर ब्लॉक में जरकला महिला हस्तशिल्प प्रॉड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का प्रारम्भ 3 अगस्त 2021 को एक उत्पादन कम्पनी के तौर पर हुआ था। "एक जिला एक उत्पाद" योजना के तहत एन.ई.आर.टी.पी. से मिली सहायता राशि से उत्तरप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन ने इस उत्पादक कम्पनी का गठन एक तकनीकी सहायता एजेन्सी, जिसका नाम "एफ.डी.आर.वी.सी." की मदद से किया था। इस उत्पादक कम्पनी का उद्देश्य सालारपुरा ब्लॉक में रहने वाली जरी जरदोजी (हाथ की कढ़ाई) से जुड़ी महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करना था। उत्पादक कम्पनी की अवधारणा बेहद सरल है। एक तरह का उत्पादन करने वाले लोगों को, जो कि एक सीमित भौगोलिक क्षेत्र में रहते है, उन्हें जोड़कर एक कम्पनी के रूप में गठित किया जाता है। अर्थात इस उत्पादक कम्पनी का मालिक हर एक वह सदस्य होगा जो इस कम्पनी का सदस्य हो। जरकला महिला कारीगरों को समर्पित एक उत्पादक कम्पनी है, अतः इसकी सदस्य (मालिक) केवल महिलाएँ ही हो सकती हैं। जरकला से जुड़ने के लिए हर सदस्य को कम्पनी के 2 शेयर खरीदने होंगे जिसका मूल्य 100 रू. प्रति शेयर है। एक सदस्या ज्यादा से ज्यादा 10 शेयर ही ले सकती है। जो कम्पनी में उनकी सक्रिय सहभागिता पर दिया जा सकता है। कम्पनी के कुल सदस्यों की संख्या 528 निर्धारित की गई। कम्पनी के सीईओ श्री आशुतोष आनन्द ने बताया कि कम्पनी में जुड़ने वाली हर सदस्या को अच्छी गुणवत्ता के साथ उत्पादन करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य सदस्यों का कौशल विकास कर उन्हें इस योग्य बनाना है, कि वे अधिक से अधिक रोजगार उत्पन्न कर सके।

जरकला एक ब्राण्ड के रूप में खुद को स्थापित करेगी। आकर्षक डिजाइन, वृहद मार्केटिंग और प्रशिक्षित कर्मचारियों की मदद से अधिक से अधिक ऑर्डर लाना, समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद से ऑर्डर पूरा करना व समय पर हर कारीगर को उनका भुगतान करना कम्पनी की प्राथमिकता रहेगी। साथ-साथ अधिक से अधिक लाभ कमाना भी कम्पनी का उद्देश्य होगा, जिससे कम्पनी सतत चलती रहे।

# स्कूल संबंधी आइटमों की बिक्री जोरदार

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

ब्यावर मार्केट में ग्राहकी के तहत स्कूल ड्रेस की क्वालिटियाँ भी चल रही है। रेमंड कॉटन व्हाइट हाउस 5616 व अन्य क्वालिटियों का माल आ रहा है उसकी बिक्री जारी है।

बेल्ट, जूते, टाई, मोजे, टिफिन बॉक्स व स्कूल संबंधित आइटम बिक रहे हैं। मोहन संस ब्यावर वाले श्री ललित जी का कहना है कि अभी फुल टाइम स्कूल संबंधित आइटम की बिक्री जारी है। रेडीमेड शर्ट-पेंट, मौजे, जूते, टाई व टिफिन बॉक्स हमारे यहां सभी प्रकार के स्कूलों की ड्रेस रेगुलर तैयार रहती है व बिक्री जारी हैं। सूरत, पाली, बालोतरा ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट, साड़ियाँ, टेरी रूबिया, राजपूती ड्रेसेज की बिक्री भी ठीक है।




# मंडियों में ग्राहकी एकदम सुस्त, पेमेण्ट पोजिशन टाइट

**पाली/ कैलाश टवाणी**

सावन में बरसात का समय होने के कारण पूरे भारतवर्ष में कहीं पर भी ग्राहकी नहीं है। इस बार यह पहला 50 वर्षों में होगा कि अप्रैल-मई-जून-जुलाई माह जो कपड़े का मुख्य सीजन का समय रहता है। इस समय छुटपुट ग्राहकी रही व चल रही है एवं अप्रैल से अब तक शेष ग्रे मार्केट घट रहे हैं।

करीब 25 से 30 प्रतिशत की मंदी ग्रे माल में आ चुकी है। इस कारण मार्च के बाद ग्रे मार्केट घटने का कारण अच्छे भाव का खरीद माल नीचे भावों में बेचना पड़ रहा है। जिससे यहां के मैन्युफैक्चरिंग वालों को करोड़ों का नुकसान लग चुका है। काफी मैन्युफैक्चरर का अब इस कपड़े के व्यापार से मन हटता जा रहा है। यदि ऐसा ही रहा तो यह साल पाली के व्यापारियों का सबसे खराब साल होगा। पूरे भारत का सबसे सस्ता कपड़ा यहीं पर ही तैयार होता है। भीलवाड़ा, सूरत, मुंबई आदि में भारी क्वालिटी बनती है। अस्तर वाली क्वालिटी पाली में निर्मित होती है। उसमें 30 प्रतिशत रेट कम होने पर 2-4 प्रतिशत का व्यापार यहां है। इसकी भरपाई इस साल नहीं होने वाली है जिसके चलते सभी छोटे-मोटे मैन्युफैक्चरर इस बार दुखी है व सभी को नुकसान का व्यापार करना पड़ रहा है। सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए अन्यथा पाली का व्यापारी इस बार मोल चुका भी नहीं पाएगा। अभी बरसात के कारण काफी व्यापारियों को नुकसान हुआ है। अभी बारिश के कारण माल भी कम मात्रा में तैयार हो रहा है। प्रोसेस हाउसों में माल ना होने से कारखाने बंद पड़े हैं।

# स्कूल सीजन नहीं रहा खास

**कोयम्बटूर/ सुनील कोठारी...** स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन लगभग समाप्त हो चुका है। इस बार स्कूल सीजन कुछ खास नहीं रहा। महंगाई के कारण अभिभावकों के पास बजट खर्च करने के लिए बहुत कम था। इसका असर यूनिफॉर्म की सीजन पर पड़ा। यूनिफॉर्म कारोबार से जुड़े व्यापारी सीजन की तैयारी बहुत पहले से कर लेते हैं। ऐसा लगता है कि स्टॉक बहुत ज्यादा रह जायेगा। ट्रांसपोर्ट गोडाउनों में माल खचाखच भरा पड़ा हैं, बाकी कोई भी सीजन चले ना चले, स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन पक्का चलता ही है लेकिन इस बार यह सीजन भी बहुत कमजोर रहा और अंत तक आते-आते भिवंडी व भीलवाड़ा की मार्केट गिरनी शुरू हो गई है। यह भी व्यापारियों के लिए दोहरी मार है। एक तो ऊंचे दाम का माल स्टॉक है वह मार्केट गिर रहा है। लगता है आगे यह मंदी बहुत लंबी चलेगी। व्यापारी बंधुओं के लिए समझदारी यही रहेगी कि खरीदी सोच समझ कर ही की जाए। वैसे भी सीजन कमजोर होने की वजह से पेमेंट पोजिशन बहुत खराब है और आगे भी यह सुधरने जैसी नहीं लग रही है।


Siyaram's
HIGHVALUEDLX
LIFE IN THE FAST LANE
Sheer Elegance Unlocked With
LUXURIOUS
SUITING COLLECTION
SIYARAM'S INVITES
ITS ESTEEMED RETAILERS TO
ALL INDIA RETAIL
CONFERENCE, 2023*.
30th July to 9th August, 2023
Hyatt Centric & Novotel Goa
Resort & Spa, Candolim, Goa
*T&C Apply
For more details, please contact your Siyaram's Wholesale Dealer.
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:


Siyaram's
ULTIMA
By
MARCONI
ITALIAN FASHION
UNVEILING THE ULTIMATE
STYLISH SUITING COLLECTION
SIYARAM'S INVITES ITS ESTEEMED RETAILERS TO
ALL INDIA RETAIL
CONFERENCE, 2023*.
30th July to 9th August, 2023
Hyatt Centric & Novotel Goa
Resort & Spa, Candolim ,Goa
*T&C Apply
For more details, please contact your Siyaram's Wholesale Dealer.
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

# जियाजी फैब्रिक्स की 3 दिवसीय बुकिंग सेल्स कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक सम्पन्न
















## लगभग 300 व्यापारियों ने की कान्फ्रेंस में शिरकत

**कटक** / स्थानीय शहर में कपड़ा व्यवसाय में प्रतिष्ठित फर्म जियाजी फैब्रिक्स द्वारा जुलाई के प्रथम सप्ताह में दिनांक 3, 4 एवं 5 जुलाई को फैब्रिक एवं रेडीमेड परिधानों की सेल्स बुकिंग फेयर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

गौरतलब है कि जियाजी फैब्रिक्स एवं श्याम सुंदर रतन कुमार के फाउण्डर (संस्थापक) श्री श्याम सुंदर गुप्ता ने पिछले 50 वर्षों से अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से क्षेत्र में बेहतर नाम स्थापित किया है।

व्यापार में पिछले कई वर्षों से उनके पुत्र श्री रोहित कुमार एवं श्री अमित कुमार संयुक्त प्रबंधन से अपने प्रतिष्ठान को ऊपरी पायदान पर स्थापित करने में तत्पर है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री रोहित कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ जाने-माने प्रतिष्ठान कला मंदिर के मालिक श्री गुरुदयाल सिंह के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तीन दिवसीय कॉफ्रेंस का आयोजन शहर के प्रसिद्ध वैन्यू ग्रांड बाजार में सम्पन्न किया गया। जिसमें फर्म की ऑथोराइज्ड डीलरशिप के अंतर्गत कई शीर्ष ब्राण्ड्स के उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया।

प्रमुख फैब्रिक ब्राण्ड्स में सियाराम, विमल, गीजा हाउस, क्रिपलोन, मुरारका, रीड एण्ड टेलर, ग्वालियर सूटिंग, स्वास्तिक, अरविंद, सोलिनो एवं रेडीमेड सेक्टर के अंतर्गत ऑक्जमबर्ग, ट्रिगर, लिमैक्स जीन्स, स्वीट फील, स्पार्की, सिन डेनिम, बॉर्नफ्री, फ्यूचर्स कोड, ओनजोन, स्वरूप कुर्ता पायजामा, उत्सव एथनिक वियर, प्रो राइडर्स, बॉर्नफ्री, पिकासो, हाइफन मेन्स वीयर एवं मैनलिओ के प्रॉडक्ट्स की शानदार सेल हुई। तीन दिवसीय इस महा आयोजन में सभी व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी अग्रिम बुकिंग करवाई।

श्री रोहित ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 300 व्यापारियों का आगमन हुआ एवं सभी समर्थ रिटेलर्स के आगमन से इस कार्यक्रम को सफलता का मुकाम हासिल हुआ।

**कार्यक्रम के माननीय अतिथि...** कटक के प्रतिष्ठित संस्थान राजहंस के मालिक **श्री प्रदीप जी पंसारी** एवं भुवनेश्वर आलीशान से **श्री जुगल अग्रवाल** ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर **श्री बिभू दत्ता पात्र** – मां तारिणी ट्रेडर्स, **श्री दीपक खेमका** - खेमका शॉपिंग मॉल, **श्री जय प्रकाश मोदी** - मोदी कलेक्शन, **श्री भूपेश खुन्तिया** - खुन्तिया टेक्सटाइल्स, **श्री राम गोपाल अग्रवाल** - बालाजी शॉपिंग मॉल, **श्री संजय मोदी** - संजय, **श्री बृजेश अग्रवाल** - भाग्यश्री, **श्री आशीष केड़िया**-जय दुर्गा एवं **श्री जितेश सामानी** - सुभद्रा टेक्सटाइल सहित कई गणमान्य व्यापारियों ने शिरकत की। इनके अलावा **अम्बर भुवनेश्वर** एवं कटक से **श्री अशोक जी, श्री सुनील जी, श्री मनोज जी, श्री आकाश जी** एवं **श्री कुशल जी** का विशेष सहयोग रहा।

**बुकिंग पर स्कीम जारी–** फर्म द्वारा अपने नियमानुसार मालों की बुकिंग पर कुछ ब्राण्ड्स के अंतर्गत विभिन्न तरह की स्कीम लॉन्च की गई जिसको पूरा करने पर इनाम एवं विदेश भ्रमण भी शामिल है एवं कुछ ब्राण्ड्स के अंतर्गत क्रूज भ्रमण का भी व्यापारी लुत्फ उठाएंगे।







*Display of Brands*

JIYAJEE FABRICS
SHYAM SUNDER RATAN KUMAR

TEXTILE DIVISION

Siyaram's, ONLY VIMAL, GIZA HOUSE, Kriplon, Gwalior Suiting, Swastika, Arvind, Solino

READYMADE DIVISION

Oxemberg, TRIGGER, LEMAX JEANS, Sparky, sin DENIM, ECO FRIENDLY, Bornfree, Picasso, FEAUTURES CODE, Hyphen, ONZONE, PRO RIDERS, COCO JEANS




















Siyaram's

VICTORY®

Premium Shirting Fabric

BRINGING TO YOU A NEW AGE

SHIRITNG COLLECTION

SIYARAM'S INVITES ITS ESTEEMED RETAILERS TO

ALL INDIA RETAIL CONFERENCE, 2023*.

30th July to
9th August, 2023

Hyatt Centric & Novotel Goa
Resort & Spa, Candolim, Goa

For more details, please contact your
Siyaram's Wholesale Dealer.

*T&C Apply



Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

Siyaram's

SPIRIT®

100% Cotton Shirting

UNVEILING THE FUTURISTIC COTTON

SHIRITNG COLLECTION

SIYARAM'S INVITES ITS ESTEEMED RETAILERS TO

ALL INDIA RETAIL CONFERENCE, 2023*.

30th July to
9th August, 2023

Hyatt Centric & Novotel Goa
Resort & Spa, Candolim, Goa

For more details, please contact your
Siyaram's Wholesale Dealer.

*T&C Apply



Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

## सम्पादकीय....

# चन्द्रयान-3 की कामयाबी रचेगी नया इतिहास

